महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड

(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)

कार्यालय, महाप्रबंधक (प्रशासन/श्रमशक्ति एवं भर्ती), जागृति विहार, संबलपुर, बुर्ला - 768 020

संदर्भ सं. एमसीएल/श्रमशक्ति एवं भर्ती/भर्ती/2014/वैधानिक (इलेक्ट्रिकल केटे. III)/359 दिनांक 11.08.2014

नियोजन सूचना (पुनः जारी)

महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, कोल इंडिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी (भारत सरकार का एक उपक्रम) ओड़िशा राज्य में कोयला खनन की गतिविधियों से जुड़ी है, निम्नलिखित रिक्तियों भरने के लिये भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करती है :-

अनु. क्र.	पद का नाम	मूल वेतन (एनसीडब्ल्यूए - IX)	रिक्तियां				कुल
			एससी	एसटी	ओबीसी	सामान्य	
1.	इलेक्ट्रिशियन केटे. III (प्रशिक्षु)	₹. 636.77/- प्रतिदिन	23	32	17	75	147

*** पदों को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।**

न्यूनतम अर्हता (योग्यता) : (i) मैट्रिक, (ii) एक वर्ष के प्रशिक्षण के साथ आई. टी. आई. का 02 वर्ष का पाठ्यक्रम (एनसीडब्ल्यू - VI के आई. आई. सं. 32 के अनुसार), (iii) खदानों के लिये भारतीय विद्युत नियम के तहत एलटी परमिट या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी 440-550 वोल्ट माइनिंग पार्ट्स परमिट, जो कोयला खदान पर लागू हो। **वांछित :-** ''सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी केबल ज्वाईनिंग एवं ओव्हर हेड लाईन के लिये दी जाने वाली एचटी परमिट, जो कोयला खदानों के लिये लागू हो और या खदानों के लिये वैध इलेक्ट्रिकल सुपरवाइजरी सर्टिफिकेट रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जायेगी।'' **नोट**:- (1) कोई भी आवेदक जिनके पास आईटीआई (इलेक्ट्रिशियन) साथ में 1 वर्ष का प्रशिक्षण/कार्य संबंधित प्रशिक्षण या कार्य संबंधित व्यावहारिक अनुभव हैं एवं जिनके पास लाइनमैन/वायरमैन - ए/बी/सी/तार मिस्त्री से उल्लिखित लाइनमैन/वायरमैन जैसे प्रमाणपत्र है, वे आवेदन करने के पात्र हैं। (2) कोई भी आवेदक जिनके पास ऊपर वर्णित आवश्यक न्यूनतम योग्यता के अलावा उच्च स्तरीय योग्यता है, वे भी आवेदन करने के पात्र हैं। (3) यह रोजगार सूचना पुनः जारी की जा रही है एवं आवेदक जिन्हौने संदर्भित पद के लिए उक्त पात्रता मानदंड को पूरा करते हुए प्रारंभिक रोजगार सूचना सं. संदर्भ सं. एमसीएल/एमपी एण्ड आर/रिक्रुटमेंट/2014/इलेक. कैट-III/94 दिनांक : 04.02.2014 के तहत पहले ही आवेदन किया है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। **उम्र सीमा** : दिनांक 23.08.2014 में आवेदन-पत्र (ऑन लाईन-आफ लाईन) जमा/प्राप्त करने की अंतिम तारीख है को उम्मीदवार की उम्र 18 वर्ष से कम तथा 30 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। **एससी/एसटी/ओबीसी/पूर्व सैनिकों के लिये उम्र में छूट** : एससी/एसटी के लिये - 05 वर्ष। ओबीसी उम्मीदवार (क्रीमीलेयर छोड़कर) के लिये 03 वर्ष। पूर्व सैनिकों के लिये सरकार द्वारा दिये गये दिशानिर्देश के अनुसार। **आवेदक ऑन-लाईन या ऑफ-लाईन में दिनांक 23.08.2014 को या उससे पहले आवेदन करें। ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन करने वाले आवेदकों के लिए उनके आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30.08.2014 है।**

अधिक जानकारी और आवेदनपत्र के लिए लॉगआन करें : http://www.mcl.gov.in **R-4596**